SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES
BSES Yamuna Power Limited
दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

सितम्बर–अक्टूबर 2012

गणेश चतुर्थी, दशहरा, दुर्गा पूजा और ईदउल जुहा के लिए बीवाईपीएल की ओर से शुभकामनाएं!

मुख्यमंत्री ने रखी बीवाईपीएल के 51वें व 52वें ग्रिडों की आधारशिला

25 जून को दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने मयूर विहार 3–कोंडली में बीवाईपीएल के 51वें ग्रिड की आधारशिला रखी। इसके एक दिन बाद ही आईटीओ के पास दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर माननीया मुख्यमंत्री ने कंपनी के 52वें ग्रिड की आधारशिला रखी।

मयूर विहार फेज 3–कोंडली में नया 66/11 केवी ग्रिड बनाने पर 16 करोड़ रूपये की लागत आएगी, और यह मयूर विहार में और बेहतर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। शुरूआत में इस ग्रिड की क्षमता 50 एमवीए होगी।

उधर, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर विश्वस्तरीय 33/11 केवी इनडोर ग्रिड को तैयार करने में 20 करोड़ रूपये की लागत आएगी। शुरूआत में इस ग्रिड की क्षमता 50 एमवीए रखी जाएगी।

अब चौबीसो घंटे कर सकेंगे बिल का भुगतान

बीवाईपीएल ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक – आईओबी – के साथ समझौता किया है। इसके तहत ईस्ट और सेंट्रल दिल्ली में बीवाईपीएल लोकेशनों पर 15 एटीएम लगाए जाएंगे।

इंडियन ओवरसीज बैंक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एम नरेन्द्र के मुताबिक – ये एटीएम्स चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करेंगे और यहां बीवाईपीएल उपभोक्ता चेक के माध्यम से कभी भी भुगतान कर सकते हैं।

सहायता के लिए कृपया कॉल करें
24 X 7 399–99–808

बिल नहीं मिला या बिजली नहीं है? अपना सीए नंबर बताएं, समाधान पाएं

बिजली नहीं है, तो यूं बताएं	डुप्लिकेट बिल के लिए ऐसे करें अनुरोध
स्टेप 1–डायल करें 399 99 808	स्टेप 1–डायल करें 399 99 808
स्टेप 2–अपनी भाषा चुनें–हिंदी/ अंग्रेजी	स्टेप 2–अपनी भाषा चुनें–हिंदी/ अंग्रेजी
स्टेप 3–बिजली गुल के बारे में बताने के लिए 1 दबाएं	स्टेप 3–डुप्लिकेट बिल के अनुरोध के लिए 7 दबाएं
स्टेप 4–अपना सीए/सीआरएन नंबर एंटर करने के लिए 2 दबाएं	स्टेप 4–अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर एंटर करने के लिए 2 दबाएं
स्टेप 5–आपको क्वेरी नंबर बताकर, उसे सिस्टम में रजिस्टर किया जाएगा	स्टेप 5–आपको क्वेरी नंबर बताकर, उसे सिस्टम में रजिस्टर किया जाएगा

दिल्ली में बिजली डिमांड का नया रेकॉर्ड

बिजली की पीक डिमांड (मेगा वॉट)	2011	2012	बढ़ोतरी (प्रतिशत में)
दिल्ली	5028	5642	12.21
बीवाईपीएल	1195	1461	22.26

5–61–61–08 पर एसएमएस कर सेवाओं का लाभ उठाएं

सेवाएं	एसएमएस कोड
नये कनेक्शन	BSESYP लिखें, स्पेस दें, NCX टाइप करें और भेज दें
अस्थायी कनेक्शन	BSESYP लिखें, स्पेस दें, TCX लिखें और भेज दें
पते में बदलाव	BSESYP लिखें, स्पेस दें, ACH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें
लोड चेंज	BSESYP लिखें, स्पेस दें, LCH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें
नाम बदलवाना	BSESYP लिखें, स्पेस दें, NCH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें
श्रेणी में बदलाव	BSESYP लिखें, स्पेस दें, CCH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें
बिल डिटेल	BSESYP लिखें, स्पेस दें, BILL लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें
बिजली गुल	BSESYP लिखें, स्पेस दें, NC लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें
वॉल्टेज में उतार–चढ़ाव	BSESYP लिखें, स्पेस दें, VF लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें
मीटर की वजह से बिजली गुल	BSESYP लिखें, स्पेस दें, MB लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें

ठगों को पकड़ने में हमारी मदद करें

बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को सलाह देती है कि वे असामाजिक तत्वों से सावधान रहें। मामला चाहे कुछ भी हो, उपभोक्ता ऐसे तत्वों के दबाव या झांसे में न आएं और, उनके झूठे अश्विासनों में न फंसें। किसी भी शर्त पर उन्हें नकद भुगतान न करें, चाहे वह कोई भी हो।

नकद भुगतान सिर्फ बीवाईपीएल काउंटरों पर आकर ही किया जा सकता है। याद रखें, बिजली चोरी से संबंधित सभी तरह के जुर्माने, फाइन आदि का भुगतान बीएसईएस ऑफिसों में ही हो सकता है।

उपभोक्ताओं का यह भी सलाह दी गई है कि जब भी कोई व्यक्ति उनके यहां बीवाईपीएल प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उनका पहचान पत्र देखें। जैसे ही उपभोक्ताओं को कुछ शक हो, वे तुरंत निकटतम बीवाईपीएल ऑफिस को इस बारे में बताएं, या फिर हमारे हेल्पलाइन नंबर 399 99 808 पर फोन करें और 100 नंबर पर पुलिस को भी बताएं।

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें– कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300–99–999